तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

10 बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर बढ़ें आगे : राजीव



10 डोजबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना



Affiliation No. 530414
School Code 40402

।। ओ३म् ।।

Mob. 9729606705, 9729642632

# Indus Public School, Jind

*The Saga Of Success Continues ..................*

## MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS XII SESSION 2023-24



Diksha (98.4%) (Commerce) Distt. Topper

Maulimanni (98.2%) (Arts) Distt. Topper

Desh Hind (98.2%) (Arts) Distt. Topper

Pranal (96.2%) (Medical) 2nd in Distt.

### Streamwise Highest

| | |
|---|---|
| Commerce : 98.4% | Arts : 98.2% |
| Medical : 96.2% | Non- Medical : 95.6% |







Anushka (97.8%), Ahsaas (97.6%), Twinkle (97%), Kavya (96.6%), Harshita (96.4%), Amandeep (96.2%), Jyoti (96.2%), Manya Sinhmar (96%), Kaffi (95.8%)

Lakshit Malik (95.6%), Sneha (95.6%), Muskan (95.6%), Dixant (95.6%), Saniya (95.6%), Ishu (95.2%), Harsh Aggarwal (95.2%), Palak Garg (95%), Gunika (95%)

Prachi Lohan (95%), Simran (94.4%), Sanjana (94.2%), Aarti (93.8%), Sneha (93.6%), Kanika Jain (93.4%), Swasti (93.4%), Atharav Garg (93.2%), Mohammad Salim (93%)

Yashita Jain (93%), Nisha Rani (93%), Neha Redhu (92.8%), Khushi (92.6%), Chirag (92.6%), Aditi (92.4%), Aditya Mor (92.2%), Parmod Punia (92%), Mayank Mor (92%)

Aastha Verma (92%), Sarika (92%), Sneha Jain (91.6%), Komal (91.6%), Garima Sharma (91.4%), Rishabh (91.4%), Muskan (91.4%), Padam (91.4%), Karan Kumar (91.4%)

Eshika (91%), Gautam (90.8%), Priyansh (90.4%), Tripta (90.4%), Muskan (90.4%), Vivek Nehra (90.2%), Anushka (90%), Anjali Rathi (90%), Rohit (90%), Vandana Rani (90%)

**Congratulations!**
**Parents, Staff and Students for Commendable performance.**

| Above 95% | Above 90% | Above 80% | Above 75% |
|---|---|---|---|
| 23 | 59 | 166 | 199 |

## खबर संक्षेप

### शानदार रहा चाणक्य स्कूल का परिणाम

**उचाना।** चाणक्य स्कूल कसूहन का सीबीएसई का 10वीं, 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या रीतु अत्री ने बताया कि 12वीं कक्षा में 12 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। 10वीं कक्षा के 16 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इसका सारा श्रेय मेहनती स्टाफ एवं विद्यार्थियों को जाता है।

### आज के युग की महिलाएं हर क्षेत्र में आगेः विशाखा

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बिशनपुरा में चल रहे छह दिवसीय सामान्य ईडीपी कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम नौ से 14 मई तक चला। कार्यक्रम में 34 महिलाओं ने भाग लिया व कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। मुख्यातिथि के तौर पर पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा प्रबंधक विशाखा ने शिरकत की। प्रशिक्षुओं को बताया कि आज के युग की महिलाएं हर क्षेत्र में काम करते अपना भविष्य सुधार रही है।

### उचाना में कल बीरेंद्र समर्थकों की मीटिंग

**उचाना।** आगामी 16 मई पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के उचाना हलके के समर्थकों की मीटिंग होगी। मीटिंग नवीन फिलिंग स्टेशन पर 10 बजे होगी। मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह हिस्सा लेंगे। उचाना हलके में बीरेंद्र सिंह का खुद का जनाधार है। बीरेंद्र सिंह ने डूमरखां में अपने आवास पर आयोजित मीटिंग में कहा था कि अगर जयप्रकाश उनसे समर्थन चुनाव को लेकर मांगने आएंगे।

### दो युवतियां संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुरजाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गाव पांडु पिंडारा से भी 18 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### रोड शो के लिए प्रशासन से लेनी होगी अनुमति

**जींद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। जिसमें राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों के साथ.साथ आमजन का सहयोग जरूरी है।

### महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि आज

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं किसान मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की 13वीं पुण्यतिथि बुधवार 15 मई को जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मु'जफर नगर जिले के सिसौली गांव किसान भवन में मनाई जाएगी। इसके अलावा देश के हर प्रदेश के गांव, कस्बों में स्व. महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर याद किया जाएगा।

### केवाईसी एप से मतदाता देखें प्रत्याशी की प्रोफाइल

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आमजन लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरुआत की है।

### एसएमएस का खर्च प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा

**जींद।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए थोक में भेजे एसएमएस की जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

---

### डीईओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया

# शिक्षक कक्षा में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल फोन

**शिक्षक कक्षा में जाने से पहले फोन मुखिया कक्ष में छोड़ेंगे, आदेश जारी**

### कक्षा में मोबाइल प्रयोग करने की मिल रही थी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्कूल में कक्षा समय के दौरान शिक्षक मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इसकी शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंच रही हैं। ऐसे में डीईओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है कि अध्यापक कक्षा में मोबाइल नहीं ला सकेंगे। डीईओ ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि सभी अध्यापक कक्षा में जाने से पहले अपना फोन विद्यालय कक्ष के बाहर मुखिया कक्ष में छोड़कर आएं। जो भी आदेशों की अवहेलना करेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि जिले में 724 राजकीय स्कूल हैं। जिसमें लगभग एक लाख विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। स्कूल में शिक्षक अपने मोबाइल लेकर आते हैं। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। अध्यापक का पूरा ध्यान मोबाइल पर रहने के कारण उनके काम पर भी असर पड़ रहा था।

अधिकारियों के पास शिकायतें मिल रहीं थी कि कई शिक्षक कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने की बजाय फोन पर व्यस्त रहते हैं। इस पर डीईओ ने सख्ती दिखाते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षकों को अपना मोबाइल स्कूल मुखिया द्वारा निर्धारित किसी स्थान पर रखना होगा। विभागीय अधिकारी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे कि निर्देशों का पालन हो रहा है या नहीं।



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### अवहेलना पर होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि शिक्षक कक्षा कक्ष में मोबाइल लेकर जाता है उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। आदेशों से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है।

#### निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य : कांता

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कांता यादव ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले में चल रहे निजी प्ले स्कूलों को पंजीकृत किया जाना अनिवार्य है। जिले के सभी निजी स्कूल संचालकों से आह्वान किया है कि वो अपने निजी प्ले स्कूलों का विभागीय दिशा निर्देशानुसार जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। कांता यादव ने अभिभावकों से अपील है कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता को जरूर जांच लें। अभी तक नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिन प्ले स्कूलों द्वारा आवेदन किया गया है, उनकी विभागीय जांच विजिट कमेटी द्वारा की जा रही है। प्ले स्कूलों को हर वर्ष मान्यता रिन्यू करवाना अनिवार्य है।

---

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग

- लाखों रुपये का करियाना का सामान और नकदी भी जली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

कैथल रोड पर किरयाने की दुकान के गोदाम में आग से लाखों रुपये का सामान व नगदी जलकर राख हो गई। बड़ी मशकत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी व आसपास के दुकानदारों व लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। दुकान के मालिक जगत ने बताया कि दोपहर 2 बजे के आसपास अचानक उसके ऊपर वाले पोरशन में बनाए गए गोदाम में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही जब दुआ फिर नीचे आया तो उन्हें ऊपर आग लगने का पता चला। उन्होंने उपर जाते ही तुरंत फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी व आसपास के लोगों व दुकानदारों ने मिलकर बड़ी में शकत के बाद डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गोदाम में व साथ लगते स्टोर में रखे ढाई लाख रुपये की नगदी व 10 लाख का सामान जलकर पूरी तरह से राख हो गया। उसने बताया कि यह आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है। उसने बताया कि ऊपर उसके परिवार के सदस्य रहते हैं। संयोगवंश आज सभी परिवार के सदस्य हैं गांव गए हुए थे। इस कारण एक बहुत बड़ा हादसा होते बच गया।


राजौंद। दुकान में लगी आग से जला सामान का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

## ससुरालजनों की प्रताड़ना से खफा होकर विवाहिता ने जहर निगल की आत्महत्या

- पति समेत आठ लोगों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

लाइन पार इलाके में ससुरालीजनों की प्रताड़ना से आहत महिला ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। जुलाना थाना पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर पति समेत आठ के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना लाइन पार निवासी नीरज की पत्नी प्रीति (28) की संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका की मां बसंतपुर रोहतक निवासी आशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी प्रीति की शादी 7 साल पहले जुलाना निवासी नीरज के साथ हुई थी। ससुरालीजन अक्सर प्रीति से मारपीट करते थे। अब ससुरालीजन कपडे.धोने की डिमांड प्रीति से कर रहे थे। प्रीति के मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। जिससे खफा होकर प्रीति ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आशा की शिकायत पति नीरज, जेठ श्रवण, उसकी पत्नी कोमल, रोनक, कर्ण व उसकी पत्नी, सास कृष्णा, प्रीति की चाची सास व चाचा ससुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

### चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आरोपी चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** मंगलपुर में दुकान के अंदर गल्ले से दिन दहाड़े पांच हजार रुपये की नगदी चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव के ही दीपक के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी किए गए 2700 रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपित पर पहले भी विभिन्न थानों में चोरी के 17 मामले दर्ज हैं। आरोपित फिलहाल जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ था। पुलिस प्रवक्ता अमित खर्ब ने बताया कि मंगलपुर निवासी धनसिंह ने 12 मई को सदर थाना नरवाना में दी शिकायत में बताया था कि दोपहर के समय उसकी दुकान के गल्ले से अज्ञात लोगों ने पांच हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो चोरी के आरोप में मंगलपुर निवासी दीपक का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपित को काबू कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात को कबूल किया।

---

# फिरोजपुर से दो नशा तस्कर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

एंटी नारकोटिक सेल द्वारा फिरोजपुर से 2 नशा तस्करों को 605 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम दोपहर के समय गश्त दौरान थाना सीवन क्षेत्र के गांव फिरोजपुर क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सूत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि गांव फिरोजपुर निवासी ऋषि व उसका साथी मांगे क्योड़क निवासी जोनी फिरोजपुर स्थित ऋषि की करियाणा दुकान के आस पास बाइक पर घुमकर ग्राहकों को नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करते है। जो अभी किसी ग्राहक को गांजा फूल पत्ती बेचने के लिए बाइक पर कही जाने वाले है, जिनको नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते राजकीय प्राथमिक स्कूल फिरोजपुर के पास से बाइक पर बैठे संदिग्ध ऋषि व जोनी को काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे जिला मछली पालन अधिकारी कैथल सुरेश नैन के समक्ष नियमानुसार ली तलाशी दौरान आरोपियों के कब्जे से 605 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना सीवन में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एसआई नरेश द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।


कैथल। एंटी नारकोटिक सैल पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

### फायर करने के आरोपी चार दिन के रिमांड पर

**सफीदों।** सफीदों शहर में दुकानदार द्वारा चौथ राशि न देने पर सोमवार को मोबाइल की दुकान पर फायर करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान साहनपुर निवासी कमल, गोशाला रोड सफीदों निवासी सागर, नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिड्डा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि व्हाट्सअप पर कॉल कर दुकानदार से चौथ मांगी गई थी। चौथ राशि न देने पर दुकानदार पर फायर किया था। गिरफ्तार किए कमल और राकेश उर्फ मिड्डा पर कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों को अदालत से चार दिन के रिमांड पर लिया है। सफीदों नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित वीएके 7 मोबाइल शॉप के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि वह सोमवार को दुकान पर बैठा था। तभी बाइक सवार तीन युवक आए और फायर कर दिया लेकिन निशाना चूक गया तो दोबारा से फायर करना चाहा। पर उनका हथियार लोड नहीं हो पाया। गोली की आवाज सुनकर काफी तादाद में राहगीर व दुकानदार एकत्रित हो गए।

## कांग्रेस ने जमीन से लेकर पाताल तक घोटाले किए : खट्टर

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल के समर्थन में विजय संकल्प रैली को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जमीन से लेकर पाताल तक घोटाले होते थे। कांग्रेस पार्टी की सरकार लूट, भ्रष्टाचार और अपराध की सरकार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि, देशभर में मिल रहे अपार जनसमर्थन से साफ हो चुका है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार जीत रही है। क्योंकि डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं और युवाओं को मजबूत करने का काम किया है। आज 10 वर्षों में देश विश्व पटल पर उभर कर सामने आया है। आज कांग्रेस के पास न तो नीति है ना नियत और नेतृत्व का तो पता ही नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री मंगलवार को जुलाना में सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल ने एक साथ जनसमूह का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार संकल्प को पूरा करने की अपील की। रैली में भाजपा विधायकों के साथ ही भाजपा पदाधिकारी समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रैली में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी एवं विधायकों का स्वागत करते हुए।

---



जींद। नाटक का मंचन करते हुए कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### सेव कम्यूनिटी फांउडेशन ने संघर्ष नाटक का किया मंचन

**जींद।** सेव कम्यूनिटी फांउडेशन द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से एसएम इंटरनेशनल स्कूल जुलाना में संघर्ष नाटक का मंचन किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में जुलाना के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। जबकि आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने अध्यक्षता की। स्वामी वजीरानंद महाराज, राष्ट्रपति अवार्डी सुभाष ढिगाना, प्रिंसिपल राममनोहर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कलाकारों द्वारा नाटक के माध्यम से दिखाया गया विगत कई वषार्ें से हमारे देश एवं समाज में बेटियों को लेकर बड़ा ही सकरात्मक बदलाव आया है। अब प्रायः लड़कों एवं लड़कियों में कोई अंतर नही गिना जाता है। हमारे माता-पिता अब अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा एवं उनका अच्छा पालन पोषण कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह बड़ा बदलाव आया है।

## डोजबॉल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना

- तेलंगाना में 15 से 17 मई तक नेशनल चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

तेलंगाना में 15 से 17 मई तक होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में टीम हरियाणा, यूपी की तरफ से बांगर के 9 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टीम हरियाणा के कोच महेंद्र सिंह होंगे। बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी में अभ्यास करने वाले सभी 9 खिलाड़ी है। अकेदमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने बताया कि लड़कों, लड़कियों की प्रतियोगिता आयोजित होगी। लड़कियों की टीम हरियाणा में सपना, राजेश मणी, इंदू, तमन्ना को शामिल किया गया है। लड़कों की टीम में अंकुश, सुनील को चुना गया है। यूपी की टीम की तरफ से भी अजय, पंकज, सुनील खेलेंगे। समाज सेवी एवं भाजपा नेता संदीप घोघड़िया ने रवाना किया। संदीप घोघड़िया ने कहा कि होनहार खिलाड़ी क्षेत्र की शान है। युवाओं को चाहिए कि वो जिस खेल में रूचि हो वो ही खेल खेले। उचाना में डोजाबॉल का जिला का सेंटर बना है। ऐसे में यहां के खिलाड़ियों को फायदा होगा। निरंतर खेल में क्षेत्र के युवा आगे आ रहे है। इस मौके पर सितेंद्र बूरा, सुनील बूरा मौजूद रहे।


उचाना। डोजबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


जींद। शपथ लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### माता-पिता व रिश्तेदारों को मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में सभी बच्चों को लोकसभा चुनाव 2024 के महापर्व में भागीदारी करने के लिए शपथ दिलवाई गई। डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने सभी बच्चों को समझाया कि वे अपने माता-पिता एवं रिश्तेदारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि देश की बागडोर एवं देश का भविष्य अच्छे हाथों में जाए। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने सभी बच्चों को शपथ दिलवाई कि मेरे प्यारे माता-पिता आप मुझे जितना प्यार करते हैं, उतना ही अपने देश से भी करते हैं। आपने मुझे सिखाया है कि देश सवार्ेपरि होता है और यह लोकतंत्र से चलता है। हमारे परिवार की तरह देश भी एक परिवार है। इसके मुखिया को चुनने के लिए मतदान होता है। हम आपसे संकल्प चाहते हैं कि आप 25 मई को मतदान करने जरूर जाएं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि मतदान करना हमारा अधिकार है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं।

---

### ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया

# बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर बढ़ें आगे : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नरवाना रोड स्थित ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं व 12वीं की परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रिंसिपल राजीव गिल ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को भविष्य में इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ने का आर्शीवाद दिया। ऋषिकुल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजीव गिल ने बताया कि सोमवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। स्कूल की दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में महक पुत्री अनिल कुमार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। साक्षी पुत्री सुरेश खटकड़ ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व राखी पुत्री अनिल कुमार ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा में 26 बच्चों ने मैरिट हासिल की और 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। काजल पुत्री जयबीर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, तमन्ना पुत्री जगबीर गोयत ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, परमिला पुत्री शील खटकड़ ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रबंधक राजीव गिल ने कहा कि विद्यालय अच्छे परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के लिए संपूर्ण गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहता है। इसी का परिणाम है कि बच्चे हर क्षेत्र में आगे निकल रहे हैं।


जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने के बाद मिठाई खिलाते हुए स्कूल प्रबंधक राजीव गिल।


जींद। विजेता बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

### मोतीलाल नेहरू स्कूल के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने रा'य स्तर पर कराटे चैंपियनशिप टीम में परचम लहराया है। यह प्रतियोगिता 11 मई को कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय की टीमों ने भाग लिया। जिसमें मोतीलाल नेहरू पब्लिक पहले की टीम का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। 12वीं कक्षा का छात्र सोमबीर ने स्वर्ण पदक, आदित्य बूरा ने रजत पदक, निखिल ने रजत पदक, अंकित दलाल ने कांस्य पदक, प्रिंस रेढू ने कांस्य पदक, छठी कक्षा का छात्र ने कांस्य पदक, हिमांशु ने कांस्य पदक और आठवीं कक्षा का छात्र गितेश ने कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इससे पहले कराटे प्रतियोगिता जींद में हुई थी। उस प्रतियोगिता में भी छात्रों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया था। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय जींद जिले का एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान है जिसमें लगभग 100 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यालय में प्रमाण पत्र देकर और मेडल पहनाकर छात्रों को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की।

# सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में छाए कैथल के विद्यार्थी

## शत-प्रतिशत रहा राधा कृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम



**कैथल।** राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते एमडी लाभ सिंह व प्रिंसिपल मीनू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल सीबीएसई बोर्ड का 12वीं व 10वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या मीनू ने बताया कि विद्यार्थियों ने मैथ 98, अंग्रेजी 96, फिजिक्स 85, केमिस्ट्री 95, पोलिटिक्ल साइंस 97 तथा बायोलाजी 95 सर्वाधिक अंक हासिल किए। उन्होंने विद्यार्थियों का मिठाइयां बांटी तथा अध्यापकों संतोष कुमारी, राहुल ,मनीषा, राजेश व अशोक आदि को बधाई देकर पूरे विद्यालय में खुशी को सांझा किया गया। विद्यालय के एमडी लाभ सिंहने भी परीक्षा परिणाम से खुश होकर सभी बच्चों व अध्यापकों के प्रदर्शन की सराहना की और बताया कि यह पहली बार नहीं हुआ है गत वर्षो की भांति आज भी हमारा विद्यालय अव्वल रहा है। चाहे वह भूतपूर्व मुख्यमंत्री हो या प्रशासनिक अधिकारी कई बार हमारा विद्यालय इस तरह से सम्मानित हो चुका है। सबसे बड़ी बात यह है कि सीबीएसई में द्वितीय बार भी हमारा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## शिक्षा भारती निकेतन का प्रिंस कांसल टॉपर



**कैथल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह बिढ़ान व प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि 12वीं कक्षा मे कुल 81छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। नॉन मेडिकल संकाय में प्रिंस कांसल 487/500 (97.4%)अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान पर रहा जबकि रिया चौहान 485 अंक प्राप्त करके जिले में दूसरे स्थान पर रही। प्रिंस कांसल इंजींनीयर बनना चाहता है। रिया चौहान जो कि सुरता खेड़ा की रहने वाली है और वह आईएएस बनना चाहती है। कला संकाय में मंजीत प्रथम स्थान पर,एकता शर्मा द्वितीय स्थानपरऔर अनिकेत तृतीय स्थान पर रहे। मेडिकल संकाय में अन्नू ने अंक प्राप्त किए। पंजाबी विषय में तान्या,जसमीत और तान्वी ने 100-100 अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम को देखते हुए विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत आर्यन ने उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय बच्चों के माता-पिता, अध्यापक व बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया। इसी प्रकार से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा मे कुल 97 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 42 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया और 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया। अंजलि 494 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही इन्होंने गणित और विज्ञान में 100-100 अंक प्राप्त किए। पारुल 484 अंक करके विद्यालय में दूसरे स्थान पर और रीनू 483 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तीसरे स्थान पर रहीं। इस परीक्षा परिणाम को देखते हुए विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने विद्यालय पहुंचने पर बच्चों व उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया और विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

## बाल विकास ग्लोबल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत




**कैथल।** बाल विकास ग्लोबल स्कूल कैथल में आज खुशी का माहौल रहा।सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधक निदेशक अजीत चहल एवं प्रधानाचार्या राजश्री चौधरी ने परीक्षा परिणाम बारे जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में विद्यालय की छात्रा जशन एवं स्नेहा ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा गरीमा ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं छात्र लक्की ने 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अजीत चहल ने बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम बारे जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा काजल ने 93 प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओं आशना कादयान व मुस्कान कुंडू ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की होनहार छात्राओं आरती व आयशा ने 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 22 विधार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की । विषय अनुसार अधिकतम अंक में संगीत में 100 अंक , सामाजिक अध्ययन में 99 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक, हिंदी में 95 अंक , अकाउंट में 95 अंक , बिजनेस स्टडीज में 97 अंक , अर्थ शास्त्र में 96 अंक , शारीरिक शिक्षा में 97 अंक , रसायन विज्ञान में 95 अंक , भौतिक विज्ञान में 90 अंक , गणित में 92 अंक रहे। इस अवसर पर सीमा चहल , टीना चौहान, सीमा देवी, रामकुमार, विरेन्द्र सिंह, मुकेश देवी, सुरेन्द्र लुवाच , शायना अरोड़ा एवं अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।



## सरस्वती हाई स्कूल सेगा के बच्चों ने एक बार फिर मारी बाजी

**कैथल।** सरस्वती हाई स्कूल सेगा के विद्यार्थियों का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधक मेहर सिंह चहल ने बताया कि स्कूल में 38 विद्यार्थी थे। इनमें से 20 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए वहीं 10 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक हासिल किए और 8 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। प्रिंस ने 490 अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान व जिले में भी प्रथम 10 विद्यार्थियों में जगह बनाई। प्रिंस ने 487 अंक, आशा ने 487 अंक के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा मुस्कान ने 486 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में तृतीय स्थान पर रही। विषय अनुसार अधिकतम अंक मैथ 100, संस्कृत 100, साइंस 99, सामाजिक विज्ञान 99, हिंदी 99, इंग्लिश 99 रहे। स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी गई। प्रिंसिपल और अध्यापकों ने बच्चों को सम्मानित किया गया।



## सीबीएसई परिणामः आरकेएसडी स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कैथल।** आरकेएसडी स्कूल में मंगलवार को अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि सीबीएसई द्वारा बाहरवीं कक्षा व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा दोनों ही परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। दसवीं व बाहरवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा बाहरवीं कक्षा में 30 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये और 102 छात्रों ने मेरिट प्राप्त की तथा दसवीं कक्षा में 25 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देने व भविष्य के लिए उन्हें प्रेरित करने हेतु अभिनंदन समारोह मनाया गया जिसमे 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शोरेवाला, उपप्रधान श्याम बंसल, जनरल सक्रेटरी पंकज बंसल व समिति के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चेयरमैन अश्विनी शोरेवाला ने बच्चों को अपने आशीर्वाद वचनों से प्रोत्साहित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में भी सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। शर्मा जी ने बताया कि स्कूल सदैव ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहता है और शिक्षा में गुणवत्ता ही उसका एकमात्र उद्देश्य है।

## एमडी स्कूल में होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

**राजौंद।** एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई का 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के सभी छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। फर्स्ट सेकंड थर्ड आने वाले छात्रों को नगद राशि से पुरस्कृत किया व मेरिट लेने वाले विद्यार्थियों को फूलमाला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया । प्रबंधन एचडी देशराज ने बताया कि उनके स्कूल के 10 कक्षा के आर्यन ने 97-4 % अंक प्राप्त कर जिले मे दुसरा स्थान प्राप्त किया है इसके अलावा छात्रा साक्षी ने 95.5 % तथा स्नेहा ने 95.2 % अंक प्राप्त किए है। बताया कि 12 वीं की परीक्षा मे तमन्ना व गरिमा ने ब्लॉक मे पहला स्थान प्राप्त किया है। पॉलिटिकल साइंस में तमन्ना व अनुज ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। एमडी देशराज ने बताया कि जिले में दूसरे स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को 5100 नगद राशि दे कर सम्मानित है। दसवीं में पहले दूसरे व तीसरे स्थान लेने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 2100 व 1100 रुपए नकद पुरस्कार दिया है। 12 वीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को 2100,1500,1100 रुपये नगद ईनाम दिया है। स्कूल के एम डी देशराज ने घोषणा कि की जो विद्यार्थी प्रदेश में शिक्षा में स्थान पाएगा उसको स्कूटी व जिले में प्रथम आने पर लैपटॉप इनाम में दिया जाएगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार व स्कूल स्टॉफ व अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार सहयोगी वेद प्रकाश कात्यान गिरजा राम चैतन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



# डीएवी स्कूल का दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार




**पूंडरी।** स्कूल में परीक्षा परिणाम में प्रथम रहे बच्चों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या साधना बख्शी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सीबीएसई बोर्ड द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर टॉपर रहे बच्चों को प्राचार्या साधना बख्शी ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा दसवीं में अंशिका ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। कनन नंदराजोग ने 97.8 प्रतिशत, आस्था गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत, वृंदा गुप्ता ने 94.6 प्रतिशत व भूमिका ने 94 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया।

विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रों में गणित में 100 में से 100 अंक, कम्प्यूटर एपलिकेशन में 100 में से 100 अंक, हिन्दी में 99, सामाजिक विज्ञान में 99 अंक, अंग्रेजी में 98, सांइस में 98 अंक, पंजाबी में 96 अंक व संस्कृत में 92 अंक हासिल किए।

बारहवीं कक्षा की वाणि'य संकाय की छात्रा मानवी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर टॉप रही। चिकित्सा संकाय से भारती 94.8 प्रशित अंक, विज्ञान संकाय में शैवी ने 94.4 प्रतिशत व कला संकाय में श्वेता कौशिक ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर में अपना स्थान बनाया। विषयों में टॉप पर रहे छात्रों में अकाउंटेंसी में 100 में से 100 अंक, बिजिनेस स्टडीज में 99 अंक, कैमिस्ट्री में 99 अंक, बायोलॉजी में 99 अंक, गणित में 98 अंक, इकोनोमिक्स में 97 अंक, पॉलिटिकल साइंस में 97 अंक, इतिहास में 97 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक, जियोग्राफी में 96 अंक, शारीरिक शिक्षा में 96 अंक, फिजिक्स में 95 व हिन्दी में 91 अंक लेकर स्कूल का स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके अलावा स्टेटिस्टिक्स विषय में 16 बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या ने विद्यार्थियों के शानदार परिणाम से विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व स्टॅफ सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज डायरी

### प्रधानाचार्य ने किया छात्रा रितिका को सम्मानित



राजौंद। गांव जाखौली के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होनहार छात्रा रितिका को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रा रितिका स्कूल में होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेती है। स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की रीतिका स्कूल की सबसे होनहार छात्रा है तथा रीतिका एक अनुशासन प्रिय विद्यार्थी है व हम इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है तथा आने वाले समय में भी रितिका स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन करेगी। प्रधानाचार्य ने छात्रा को मेडल व उपहार भेंट करके सम्मानित किया व दूसरे बच्चो को रितिका जैसा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान पूनम सुमन रेनु रखी उपाशना महिंद्रो व अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

### सरस्वती पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के सरस्वती पब्लिक स्कूल में बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल में जश्न का माहौल रहा। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने बेहतर परीक्षा परिणाम अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने सभी छात्र.छात्राओं को फूल माला पहनाकर और मीठा मुंह करवा कर बच्चों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के माध्यम से ही विद्यार्थी अपने मुकाम हासिल कर सकता है।

### राजौंदः दुकानदारों ने ठंडे पानी की छबील लगाई

**राजौंद।** राजौंद के पुराने बस स्टैंड व मैन बाजार के दुकानदारों ने ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। छबील के दौरान मार्ग से गुजरने वाले हर व्यक्ति को रोक रोक कर श्रद्धा भाव से ठंडा पानी व जलजीरा पिलाया जा रहा था। वहीं राजौंद मेन बाजार के दुकानदारों ने भी ठंडा में मीठे पानी की छबील लगाकर मार्ग से गुजरने वाले हर व्यक्ति के कंठ को ठंडक पहुंचने का काम किया। इस दौरान दुकानदार राहुल छाबड़ा, सुमित भनोट, हैप्पी मित्तल, मनु वर्मा, रवि कुमार, रिंकू कुमार, अशोक कुमार,संजू कुमार, लाल सिंह पुरोहित, पीयूष भनोट, मोंटी,रूबी, मुकेश कुमार मित्तल निटा सहित कई अन्य दुकानदार व सेवादार तथा नगर के युवा इस कार्य में बखूबी तपती दोपहर में सेवा करते हुए नजर आए।

**सूचना**

मैं, सुदेश पत्नी श्री महिपाल निवासी गांव शामलो कलां तहसील व जिला जींद, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अंकित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006) FIR dated 10.06.2013 | The matter is listed for further prosecution evidence on 13-17th May 2024 | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 &13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons. |
| 2. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CR Case No. 1/2019 (Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014 | The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case. | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18. |
| 3. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004 FIR dated 22.04.2015 | Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court. | In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation. |
| 4. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015 | Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block. |
| 5. | CBI | RC No. 221 2014 E 0018 FIR dated 18.10.2014 | Pending investigation since 2014 | The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd. |
| 6. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014 | Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement. |
| 7. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1601/2022 Complaint dated 17.1.2022 | As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order. | Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00 |
| 8. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1514/2021 Complaint dated 26.8.2021 | The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings | Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00 |
| 9. | Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi | Ct. Case No. 14584/2018 Complaint dated 24.7.2018 | The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders. | A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL | NIL |
| 3 | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Affiliation No. 530414
School Code 40402

।। ओ३म् ।।

Mob. 9729606705, 9729642632

# Indus Public School, Jind

**Dreams turning into reality ......................**

## MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS X SESSION 2023-24



Purvi (98.4%) 3rd in Distt. | Uday Bhanu Partap (97.8%) | Deepika Jain (96.8%) | Kiratpreet Singh (96.8%) | Divya (96.8%)





### Subjectwise Highest


| | | |
|---|---|---|
| Maths : 100 | IT : 100 | Hindi : 99 |
| S.St. : 99 | Science : 99 | English : 98 |




Ayush (96.6%) | Manan Mittal (96.4%) | Pranjal Maan (96.4%) | Khushi (96.4%) | Chelshi (96.2%) | Harsh (96%) | Asha Dhull (96%) | Ansh Kansal (96%) | Prachi (95.8%)




Deepanshu (95.8%) | Aditya (95.8%) | Saumya (95.8%) | Abhishek (95.4%) | Ayush (95.4%) | Tanmay (95.4%) | Harshit (95.4%) | Abhivyakti (95.2%) | Tanisha (95.2%) | Dipesh (95.2%)




Nitya (95%) | Akshit (95%) | Aarush (95%) | Krish (95%) | Ijaya (95%) | Shruti (94.4%) | Bhavishya (94.4%) | Dheeraj (94.4%) | Ishika (94.2%) | Sakshi (94.2%)



Bharat (94.2%) | Antima (94%) | Aman (94%) | Archit (94%) | Vani (94%) | Nancy (93.8%) | Anuj (93.8%) | Pushkar (93.8%) | Arshiya (93.8%) | Nandani (93.8%)




Chinmay (93.6%) | Harish (93.6%) | Sakshi (93.2%) | Sanyam (93.2%) | Shourya (93.2%) | Shobhit (92.8%) | Mannat (92.8%) | Vanshika (92.8%) | Amrita (92.6%) | Manan (92.6%)



Preet (92.6%) | Madhav (92.6%) | Chirag (92.4%) | Harshit (92.4%) | Yash (92.2%) | Jatin (92%) | Pari (92%) | Shubham (92%) | Aanchal (91.8%) | Rishu (91.4%)



Moksh (91.4%) | Niraj (91.4%) | Abhinav (91.2%) | Shaurya (91%) | Nishtha (90.8%) | Tanishq (90.8%) | Muskan (90.8%) | Manik (90.6%) | Saanvi (90.6%) | Aaneya (90.4%)



Noor (90.2%) | Naitik (90.2%) | Anjali (90.2%) | Gaurika (90%) | Kamaldeep (90%) | Nikhil (90%) | Ekta (90%) | Amandeep (90%) | Ashish (90%) | Bhumika (90%) | Jitesh (90%)

**Congratulations!**
**Parents, Staff and Students for Commendable performance.**

| Above 95% | Above 90% | Above 80% | Above 75% |
|---|---|---|---|
| 29 | 85 | 176 | 219 |